Roll No. ....................

# 113

## कक्षा 11वीं परीक्षा, 2021-22

[221101-C]

# HINDI
# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1 X 32 = 32 अंक निर्धारित हैं।*

*(3) प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।*

*(4) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।*

*(5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।*

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×6=6)

(i) प्रकृति के चितेरे कवि हैं –

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(स) जयशंकर प्रसाद (द) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) नमक की गाड़ियाँ जा रही थीं –

(अ) रामपुर (ब) नागपुर

(स) कानपुर (द) श्यामपुर

(iii) भरतमुनि द्वारा रचित ग्रंथ का नाम है –

(अ) नाट्य शास्त्र (ब) साहित्य शास्त्र

(स) संगीत शास्त्र (द) कला शास्त्र

(iv) किसी भी फिल्म या धारावाहिक की कथा को कहा जाता है –

(अ) पटकथा (ब) लोककथा

(स) नई कथा (द) चित्रकथा

(v) "यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है।" पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(अ) व्यतिरेक (ब) विरोधाभास

(स) भ्रांतिमान (द) मानवीकरण

(vi) किसी बात पर जोर देने के लिए जो शब्द प्रयोग में लाए जाते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

(अ) निपात (ब) प्रत्यय

(स) उपसर्ग (द) कारक

प्र.2 रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×7=7)

(i) 'वे आंखे' कविता में ................................की मार्मिक व्यथा का चित्रण हुआ है।

(मजदूर / किसान / व्यापारी)

(ii) स्पीति में बारिश एक ............................है। (यात्रा वृतांत / डायरी / संस्मरण)

(iii) ............................................................ कलाओं के लिए स्वर्ण युग माना जाता है।

(मौर्यकाल / गुप्तकाल / वैदिक काल)

(iv) पटकथा को अंग्रेज़ी में ................................कहते हैं।

(पिक्चर प्ले / स्क्रीन प्ले / मूवी प्ले)

(v) वीर रस प्रधान कविताओं में ............................................गुण होता हैं।

(प्रसाद / ओज / माधुर्य)

(vi) मोक्ष की इच्छा रखने वाले को ..................................................................कहते हैं।

(आस्तिक / धार्मिक / मुमुक्षु)

(vii) ........................................................को हिन्दी निबंध का स्वर्णकाल माना जाता है।

(प्रसाद युग / द्विवेदी युग / शुक्ल युग)

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए – (1×6=6)
(6)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) निर्मला पुतुल | (क) कुमार गंधर्व |
| (ii) रजनी | (ख) दोहा और रोला |
| (iii) स्वर साम्राज्ञी | (ग) ध्यान न देना |
| (iv) भारत की पहली मूक फिल्म | (घ) सरकारी व्यवस्था की संवेदन शून्यता |
| (v) कुंडलियाँ छंद | (ङ) संथाली |
| (vi) आँखें मूंदना | (च) राजा हरिशचंद्र |

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1X7=7)

(i) मीरा की प्रेमरूपी बेल में कौन सा फल आया है?

(ii) "तालीम की तालीम बड़ी चीज़ है।" किसका कथन है?

(iii) लता की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?

(iv) टी.वी. सेवा को दूरदर्शन नाम कब दिया गया?

(v) रसराज की उपाधि कौन से रस को प्राप्त है?

(vi) तत्सम शब्द किसे कहते हैं? परिभाषा लिखिए।

(vii) कबीर और मीरा भक्तिकाल की किस धारा के कवि हैं?

प्र.5 सत्य/असत्य लिखिए – (1X6=6)

(i) "सूर्य का स्वागत" काव्य संग्रह दुष्यंत कुमार त्यागी का है।

(ii) स्वयं के दैनिक जीवन प्रसंगों को नियमित रूप से लिखना आत्मकथा लेखन है।

(iii) गंभीरता शास्त्रीय संगीत का स्थायी भाव है।

(iv) संचार शब्द की उत्पत्ति 'चार' धातु से हुई है।

(v) 'फूल मुस्कुरा उठे' में मानवीकरण अलंकार है।

(vi) अच्छे विज्ञापन की विशेषता होती है कि वह संक्षिप्त तथा प्रभावी होता है।

प्र.6 भक्तिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियां लिखिए। (2)

**अथवा**

छायावाद के दो कवि और उनकी रचना लिखिए।

प्र.7 किसान के बैलों की जोड़ी की कुर्की किसने और क्यों करवा दी? (2)

**अथवा**

'आओ मिलकर बचाएं' कविता में कवयित्री बच्चों और बड़ो के लिए क्या बताना चाहती हैं?

प्र.8 रेखाचित्र और संस्मरण मे अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

जीवनी और आत्मकथा मे अंतर लिखिए।

प्र.9 नर्त्य और नृत्य में क्या अंतर है? (2)

**अथवा**

चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है?

प्र.10 किसान सामान्यतः 'भारत माता' से क्या अर्थ लेते थे? (2)

**अथवा**

"नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यहां तो पीर की मज़ार है।" यह कथन किसने किससे और क्यों कहा?

प्र.11 अंतर–वैयक्तिक संचार और संचार में क्या अंतर है? (2)

**अथवा**

संयुक्त व्यंजन को हिन्दी वर्णमाला और शब्दकोश में कहाँ स्थान प्राप्त होता है?

प्र.12 संचारी भाव एवं स्थायी भाव में अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

माधुर्य और ओजगुण में क्या अंतर है?

प्र.13 शांत रस को उदाहरण द्वारा समझाइए। (2)

**अथवा**

संदेह एवं भ्रांतिमान अलंकार में अंतर लिखिए।

प्र.14 राष्ट्रभाषा और राजभाषा में दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

विशेषण और क्रिया–विशेषण में क्या अंतर है?

प्र.15 निम्नांकित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – (2)

आँख का तारा, श्री गणेश करना

**अथवा**

निम्नांकित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए –

(i) राधा पुस्तक पढ़ती है। (आज्ञावाचक)

(ii) राम कल आयेगा। (संदेहवाचक)

प्र.16 कबीर <u>अथवा</u> सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं में दीजिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 प्रेमचंद <u>अथवा</u> मन्नू भंडारी का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भाषा शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 निम्नलिखित वाक्य का भाव पल्लवन कीजिए – (3)

साहित्य समाज का दर्पण है।

<u>अथवा</u>

पढ़ाई के संबंध में पिता व पुत्र के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.19 गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

दुनिया में संघर्ष और सहयोग दोनों तत्व पाए जाते हैं। लेकिन जहाँ मानवता आई वहाँ मनुष्य संघर्ष के तत्व को जैसे हो सके कम करने की कोशिश करता है और सहयोग एवं परस्पर उपकारिता को बढ़ाता जाता है। इसी में मानव की मानवता चरितार्थ होती है और दुनिया प्रगति करती है तत्वज्ञ कहते हैं कि दुनिया में हिंसा और अहिंसा दोनों हैं। इसमें हिंसा का तत्व, जैसे हो सके, उत्तरोत्तर कम करते जाना, अहिंसा को बढ़ाते जाना, यही है उन्नत जीवन की साधना। ऐसे उन्नत जीवन को अध्यात्म–जीवन कहते हैं, क्योंकि उसमें आत्माशक्ति का परिचय और आनंद बढ़ता जाता है। प्रेम, सेवा, स्वार्थ, त्याग आदि सद्गुणों का विकास आत्म परिचय के बिना नहीं हो सकता।

प्रश्न –

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) आध्यात्मिक जीवन किसे कहते है?

(iii) मानव की महानता कब चरितार्थ होती है?

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

बीती विभावरी जाग री!
अंबर–पनघट में डुबो रही
तारा–घट उषा–नागरी।
खग–कुल कुल–कुल–सा बोल रहा,
किसलय का अंचर डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई
मधु–मुकुल नवल रस गागरी।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) उषा–नागरी क्या कर रही है?

(iii) लतायें क्या लेकर आ गई हैं?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

पग घुँघरू बांधि मीरां नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहि हो गई साची।
लोग कहैं, मीरा भई बावरी, न्यात कहैं कुल नासी
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरां हाँसी।
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी।।

अथवा

नाचने के लिए खुला आँगन
गाने के लिए गीत
हँसने के लिए थोड़ी–सी खिलखिलाहट
रोने के लिए मुट्ठी भर एकांत
बच्चों के लिए मैदान
पशुओं के लिए हरी–हरी घास
बूढ़ों के लिए पहाड़ों की शान्ति।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसा चाहती हैं नचाती हैं।

**अथवा**

तर्क से भले हम किसी चीज़ को सिद्ध कर सकें, स्पीति में रहने को नहीं सिद्ध कर सकते। लेकिन तर्क का इतना मोह क्यों? ज्यादा करके संसार और निर्वाण अतर्क्य है। तर्क से परे है।

प्र.22 आपकी कक्षा दसवीं की अंकसूची गुम गई है। अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्ति के लिए सचिव, माध्यमिक शिक्षामंडल, भोपाल को एक आवेदन पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में आपके मित्र की कविता प्रकाशित हुई है। काव्य रचना पर अपने विचार रखते हुए मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में निबंध लिखिए – (4)

(i) आधुनिक जीवन में कम्प्यूटर एवं मोबाइल का महत्त्व

(ii) वैश्विक आपदा कोरोना से निपटने में युवाओं की भागीदारी

(iii) पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण

(iv) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(v) युवा समर्थ, देश समर्थ